# 21 मई के स्टॉर्म क्लीनअप के बारे में अपडेट

***सिटी ऑफ ब्रैम्पटन में पेड़ों को हटाने, रिप्लेसमेंट और यार्ड वेस्ट कलेक्शन के बारे में आपको क्या जानने की जरूरत है*** A

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (25 मई, 2022) – 21 मई को स्टॉर्म के बाद पूरे शहर में, क्लीनअप और बहाली के प्रयास जारी हैं।

इस समय स्टाफ, क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए उन सभी साइटों पर जा रहा है, जहां सिटी के स्वामित्व वाले पेड़ों का नुकसान हुआ है।

पेड़ों का मलबा, अगले कई सप्ताह तक बुलेवार्डों पर और पार्कों तथा खुली जगहों पर मौजूद हो सकता है, क्योंकि तत्कालीन खतरों पर ध्यान दिया जा रहा है।

**पेड़ हटाने या नुकसान के बारे में रिपोर्ट करना**

सिटी के स्वामित्व वाले पेड़

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, सिटी की स्वामित्व वाली प्रॉपर्टी के अंदर स्थित पेड़ों की छंटाई या उन्हें हटाने, सहित, पेड़ों के रखरखाव की जिम्मेदारी लेती है, जैसे पार्क और घरों के सामने बुलेवार्ड।

निवासियों को, सिटी के स्वामित्व वाले किसी भी पेड़ों को हटाने या उनका नुकसान करने की अनुमति नहीं है।

पेड़ों को हटाने के लिए निवेदनों की पहले जांच की जाती है:

- जांचें, शुरूआती निवेदन के लगभग 90 दिनों के अंदर की जाती हैं
- फोरेस्ट्री का स्टाफ यह सूचित करने के लिए एक ट्री डोर हैंगर (Tree Door Hanger) छोड़ेगा कि जांच पूरी हो गई है
- जरूरी काम, जांच के बाद शेड्यूल किया जाएगा

बिना परमिट के पेड़ हटाने या नुकसान की रिपोर्टों की जांच, पार्क्स एंड फोरेस्ट्री (Parks & Forestry) और बाइ-लॉ एन्फोर्समेंट (By-Law Enforcement) विभागों के द्वारा की जाती है।

सिटी के किसी भी पेड़ की गिरी हुई शाखाओं, पेड़ों या मलबे की रिपोर्ट करने के लिए, कृपया, www.311brampton.ca पर ऑनलाइन या 311 मोबाइल ऐप पर या 311 पर फोन करके अपनी रिपोर्ट जमा करें।

प्राइवेट पेड़ों को हटाना

प्रॉपर्टी के मालिक के तौर पर, आप अपनी प्रॉपर्टी पर मौजूद प्राइवेट स्वामित्व वाले पेड़ों को हटा सकते हैं, लेकिन आपको ट्री प्रीजर्वेशन बाइ-लॉ (Preservation By-Law) के मुताबिक परमिट की जरूरत हो सकती है।

कुछ उदाहरणों में शामिल हैं, जहां परमिट की जरूरत नहीं हैं:

- यदि पेड़, किसी अधिकृत बिल्डिंग के दो मीटर के अंदर स्थित है
- 30 सेंटीमीटर से कम व्यास वाले पेड़, ज़मीन से 1.37 मीटर से मापे गए
- यदि एमरजेंसी कार्य के लिए पेड़ को हटाना जरूरी हो

**सिटी के स्वामित्व वाले नए/रिप्लेसमेंट पेड़ों का निवेदन करना**

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, पेड़ों की रिप्लेसमेंट सहित, सिटी की स्वामित्व वाली प्रॉपर्टी के अंदर स्थित पेड़ों के लिए, पेड़ों के रखरखाव की जिम्मेदारी लेती है, जैसे पार्क और घरों के सामने बुलेवार्ड।

आम लोगों को, सिटी के स्वामित्व वाले पेड़ों पर, छंटाई सहित, कोई भी काम करने की अनुमति नहीं है।

जब निवासी, पेड़ों के संबंध में निवेदन जमा करते हैं, तो नीचे दिए गए कदम उठाए जाते हैं:

- पेड़ की जांच (Tree Inspection), शुरूआती निवेदन के लगभग 90 दिनों के अंदर की जाएगी
- इंस्पेक्टर आपको यह बताने के लिए एक 'ट्री डोर हैंगर' छोड़ेगा कि जांच पूरी हो गई है
- जरूरी काम, जांच के बाद शेड्यूल किया जाएगा
- फोरेस्ट्री का स्टाफ, भविष्य में पेड़ लगाने की अनुमानित जगह बताने के लिए कर्ब पर पेंट वाले निशान लगा सकता है
- नए पेड़ लगाने के निवेदन, अगले कैलंडर वर्ष में शेड्यूल किए जाते हैं और मौसम के आधार पर, जून-दिसम्बर के बीच में होते हैं
- पेड़ों का चयन, सर्टिफाइड आर्बिस्ट्स के द्वारा इस आधार पर निर्धारित किया जाता है कि उस क्षेत्र के लिए सबसे अनुकूल क्या है

नए/रिप्लेसमेंट पेड़ के निवेदन के लिए, कृपया, www.311brampton.ca पर ऑनलाइन या 311 मोबाइल ऐप पर या 311 पर फोन करके अपनी रिपोर्ट जमा करें।

**रीजन ऑफ पील के द्वारा यार्ड वेस्ट कलेक्शन**

रिहायशी यार्ड वेस्ट कलेक्शन, पेड़ों की छंटाई और शाखाओं सहित, रीजन ऑफ पील (Region of Peel) के द्वारा संचालित किया जाता है।

यार्ड वेस्ट का निपटान करते समय, कृपया नीचे दिए गए नियमों को ध्यान में रखें:

- यार्ड वेस्ट कंटेनर्स पर लेबल होना आवश्यक है, वे खुले, ठोस और दुबारा प्रयोग करने योग्य होने आवश्यक हैं। यदि आप कार्ट कलेक्शन प्राप्त करते हैं, तो आप अपने यार्ड के वेस्ट के लिए अपने पुराने नीले या ग्रे बॉक्स का प्रयोग कर सकते हैं।
- सुरक्षित रूप से 1.2 मी. (4 फुट) लंबे और 76 सें.मी. (30 इंच) तक चौड़े बुर्श बंडलों में बांधें। बुर्श बंडलों का भार 20 कि.ग्रा. (44 पाउंड) से अधिक नहीं होना चाहिए। बुर्श और पेड़ों की छंटाई, कर्ब से कलेक्ट किए जाने के लिए 10 सें.मी. (4 इंच) डाइमीटर या इससे कम होनी आवश्यक है।
- यार्ड वेस्ट वाले केवल भूरे क्राफ्ट पेपर बैग ही कलेक्ट किए जाते हैं। प्लास्टिक बैग स्वीकार नहीं किए जाते।
- कलेक्ट किए जाने के लिए, भरे हुए यार्ड वेस्ट बैग या कंटेनर का भार, 20 कि.ग्रा. (44 पाउंड) से कम होना आवश्यक है।
- अपने वेस्ट यार्ड और अपने वेस्ट कार्टों के बीच, कम से कम 1 मी. (3 फुट) की साफ जगह छोड़ें।

रिहायशी यार्ड वेस्ट, जो इन गाइडलाइन्स के अंदर फिट नहीं आता, वह फीस के साथ, पूरा वर्ष, सभी पील कम्युनिटी रिसाइकलिंग सेंटरों (सी.आर.सी.) Peel Community Recycling Centres (CRCs) में स्वीकार किया जाता है।

वेस्ट कलेक्शन के बारे में अधिक विवरणों के लिए, रीजन ऑफ पील की वेबसाइट पर यहां (website here) जाएं।

-30-

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca